# जापानी कंपनी वैश्विक क्षमता केंद्र के लिए यूपी में करेगी निवेश

**लखनऊ।** यूपी के आईटी पेशवरों की मांग अब देश-विदेश की कंपनियों में और बढ़ेगी। जापानी कंपनी मारोबू हैनशिन सूचना प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षित पेशवरों को जापान के आईटी सेक्टर में समायोजित कराएगी। यही नहीं यूपी के आठ बड़े शहरों में बनने वाले वैश्विक क्षमता केंद्र में भी निवेश करेगी। इसके लिए यहां भी सूचना प्रौद्योगिकी में इंजीनियरिंग करने वाले स्नातकों को रखा जाएगा।

जापान के ओसाका में चल रहे एक्सपो में गए यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने जापान की कंपनी मोराबू हनशीन के साथ इस मुद्दे पर बैठक की। यह कंपनी वर्तमान में आईआईटी छात्रों की भर्ती कर रही है और अब उत्तर प्रदेश के प्रमुख तकनीकी संस्थानों से भी प्रतिभावान युवाओं को जोड़ने की इच्छा रखती है। मोराबू हनशीन उत्तर प्रदेश में वैश्विक क्षमता केंद्र ( जीसीसी ) स्थापित करने की संभावना पर भी विचार कर रही है। कंपनी ने राज्य की कुशल कार्यबल, नवाचार क्षमता और निवेश अनुकूल नीतियों की सराहना की। यह कदम तकनीकी क्षेत्र में गहरे सहयोग, प्रतिभा विकास और अनुप्रयुक्त शोध की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।